बीरबहूटी

प्रश्न पत्र का नमूना

सूचना निम्नलिखित गद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखो

बादल बहुत बरस लिए थे। फिर भी बहुत सारा पानी उनमें बचा हुआ था। वे खेतों, जंगलों के ऊपर छाए हुए थे। सारा आकाश मेघों से भरा था। मेघों की छायाओं में गीली हवाएँ इधर-उधर घूम रही थीं। पेड़ों के तने अभी भी गीले थे। मूँगफलियों के हरे खेतों में पीले फूल अभी भी गीले थे। खेतों में छोटा-छोटा बाजरा उगा था। बाजरे के लंबे पतले पातों में पानी की बूँदें अटकी हुई थीं। बारिश की हवा में गीले खेतों और बारिश की हरियाली की गंध घुली हुई थी।

1.यहाँ किस मौसम का चित्रण हुआ है?

2.यहाँ वातावरण का वर्णन कैसे किया है?

3.वर्षा के बारे में लेख लिखिए

सूचना निम्नलिखित गद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखो

उन्हें बीरबहूटियों से मिलना होता था। सो वे स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे। कस्बे से सटे इन खेतों में बीरबहूटियाँ खोजा करते थे। सुर्ख, मुलायम, गदबदी बीरबहूटियाँ। धरती पर चलती-फिरती खून की प्यारी-प्यारी बूँदें। उनके बस्ते उनकी पीठ पर लदे होते थे, कंधों पर टंगे होते थे। वे एक-दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे।

"बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।" साहिल ने कहा।

"तुमने कुछ सुना बेला?"

"हाँ, सुना। पहली घंटी लग गई है।"

"लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

4.कहानी के पात्र कौन-कौन है ?

5.साहिल और बेला घर से जल्दी क्यों निकलते थे ?

6.इस कहानी में बीरबहूट्टियों की क्या-क्या विशेषताएँ बताई गई हैं?

7.साहिल और बेला बीरबहूट्टियों की खोज कैसे करते थे ?

8.साहिल और बेला के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें

9.इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें

सूचना निम्नलिखित गद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखो

पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया। नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर पहुँचे।

"एक पैन स्याही भर दो।" साहिल से पहले ही बेला ने दुकानवाले से कहा।

"बेटा स्याही की बोतल अभी-अभी खाली हो गई है। अब तो कल ही मिल पाएगी।"

"लेकिन इसने तो पैन में जो स्याही थी उसे भी ज़मीन पर छिड़क दिया।" बेला बोली।

"बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए।" दुकानवाले भैया ने कहा और पूछा

10.साहिल और बेला कहाँ गए? क्यों?

11.बादल को देखकर घडे को नहीं ढुलाना चाहिए दूकानदार ने ऐसा क्यों कहा ?

12.दूकानदार,साहिल और बेला के बीच होनेवाली संभावित वार्तालाप लिखें

13.इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें

सूचना निम्नलिखित गद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखो

बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई।

14.सुरेंदरन माटसाब कौन है ?

15. सुरेंदरन माटसाब कैसे आदमी थे ?

16.'सुरेंदरन माटसाब चाहे मुझे पीट लेता, मगर साहिल के सामने नहीं - बेला ऐसा क्यों सोचती है ?

17.जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिल पाई क्यों ?

18. माटसाब के बुरे व्यवहार से बहुत दुखी है बेला अपने विचारों को डायरी में लिखती है बेला की उस दिन की डायरी लिखें

सूचना निम्नलिखित गद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखो

पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।

"साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे?" बेला ने पूछा।

"और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला?" साहिल ने पूछा।

"मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगे और तुम?"

"मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।"

"क्यों साहिल?"

"पता नहीं क्यों"

"तो यानी कि अब तुम फुलेरा में ही नहीं रहोगे?"

"नहीं। तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड दिखाना।"

19.अगले साल बेला किस पाठशाला में पढेगी?

20.अगले साल साहिल किस पाठशाला में पढेगा?

21."साहिल अजमेर गया वह दुखी है" साहिल की उस दिन की डायरी लिखो |

22.आपके स्कूल में बीरबहूट्टी कहानी का मंचीकरण होनेवाला है इसकेलिए एक पोस्टर तैयार करो |

23.इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें |

24.साहिल अजमेर से बेला को एक पत्र लिखा |वह पत्र कल्पना करके लिखो

********** ************* ********** ******

ARUNDAS.R H.S.A HINDI GHS PATTANCHERY PALAKKAD

********** ************* ********** ******